



साप्ताहिक

# बुलंद गोंदिया

खबरों का आईना

प्रधान संपादक : **अभिषेक चौहान** । संपादक : **नवीन अग्रवाल**

E-mail : **bulandgondia@gmail.com** | E-paper : **bulandgondia.net** | Office Contact No.: **7670079009** | **RNI NO. MAH-HIN-2020/84319**






वर्ष : 4 | अंक : 13   गोंदिया : गुरुवार, दि. 2 नवंबर से 8 नवंबर 2023   ■ पृष्ठ : 4 ■ मूल्य : रु. 5


## गुणवत्तापूर्ण कार्यों के साथ समय पर निधि खर्च करें- पालकमंत्री धर्मराव बाबा आत्राम

बुलंद गोंदिया। जिला योजना समिति के माध्यम से वितरित राशि से गुणवत्तापूर्ण कार्य किये जाये। इसी प्रकार धनराशि को समय पर खर्च करने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग प्रमुख की है। पालकमंत्री धर्मराव बाबा आत्राम ने निर्देश दिए कि दिसंबर के अंत तक शत-प्रतिशत निधि खर्च की जानी चाहिए. इसके साथ ही पालक मंत्री ने जिले के तीन ग्रामीण अस्पतालों के श्रेणी बढ़ाने को भी मंजूरी दी है।

जिला योजना समिति की बैठक मंत्री, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, महाराष्ट्र राज्य और पालक मंत्री, गोंदिया जिले धर्मरावबाबा आत्राम की अध्यक्षता में आयोजित की गई थी। इस समय सांसद सुनील मेंढे, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज रहांगडाले, विधायक अभिजीत वंजारी, मनोहर चंद्रिकापुरे, विजय रहांगडाले, विनोद अग्रवाल, सहसराम कोरोटे, विशेष आमंत्रित सदस्य डॉ. परिणय फुके, जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे, जि.प. मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पाटिल, जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, वन निदेशक जयाराम गौड़ा, उप निदेशक नवेगांव-नागझिरा पवन जेफ, अपर जिलाधिकारी घनश्याम भूगांवकर, योजना उपायुक्त धनंजय सुट्टे, जिला योजना अधिकारी कावेरी नाखले .एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे ।

### ओबीसी बालकों के लिए छात्रावास के मुद्दे पर चर्चा की गयी

इस संबंध में बताया गया कि भवन को लीज पर लेने की प्रक्रिया हो चुकी है और स्थायी जगह भी तय हो गयी है. पालक मंत्री ने इस संबंध में तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया. पिछली बैठक में लाह निर्माण कारखाना लगाकर रोजगार




सृजन पर चर्चा हुई थी. उन्होंने कहा कि इस संबंध में प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए। मानव विकास के तहत 56 बसें उपलब्ध हैं और उनके रूट सुनिश्चित हैं। इससे छात्रों को परेशानी हो रही है निर्देश दिया गया कि अतिरिक्त बस की मांग की जाये. बैठक में तिरोड़ा में अतिरिक्त एमआईडीसी के निर्माण पर चर्चा हुई।

सामान्य योजना 2022-23 रुपये का स्वीकृत परिव्यय था। इस अवसर पर बताया गया कि अनुसूचित जाति उपयोजना का स्वीकृत परिव्यय 44 करोड़ एवं जनजाति उपयोजना का स्वीकृत परिव्यय 48 करोड़ 99 लाख एवं व्यय शत-प्रतिशत रहा है। इस व्यय को समिति द्वारा अनुमोदित किया गया। वर्ष 2023-24 में सामान्य योजना हेतु 225 करोड़, अनुसूचित जाति उपयोजना हेतु 46 करोड़ एवं जनजाति उपयोजना हेतु 50 करोड़ स्वीकृत किये गये हैं। पालक मंत्री ने इस निधि को समय पर खर्च करने के निर्देश दिये। भगवान बिरसा मुंडा ग्रामीण सड़क विकास योजना में पांच हजार करोड़ की धनराशि स्वीकृत की गई है और पालक मंत्री ने इस योजना में बड़ी मात्रा में सड़क कार्य करने की योजना बनाने के निर्देश दिए हैं. उन्होंने निर्देश दिए कि सड़क कार्यों का प्रस्ताव देते समय प्राथमिकता तय की जाए और कार्य गुणवत्तापूर्ण हों।

बिजली बिल बकाया होने से ग्रामीण इलाकों में जलापूर्ति योजनाएं ठप हो गयी हैं. यह कहते हुए कि ऐसी योजनाओं के भुगतान के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया जाना चाहिए, अभिभावक मंत्री ने कहा कि इस मामले पर सरकार के साथ विचार किया जाएगा. उन्होंने सोलर पर जलापूर्ति योजना बनाने का भी सुझाव दिया. उन्होंने स्कूलों, घरों, सरकारी भवनों और बिजली के खंभों के ऊपर से गुजरने वाली ओवरहेड लाइनों के सड़क में आने के कारण ओवरहेड लाइन को शिफ्ट करने का प्रस्ताव तैयार करने का सुझाव दिया।

### बैठक में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा की गई

23 जनवरी 2023 को जिला योजना समिति की बैठक के कार्यवृत्त का अनुमोदन करना। जिला वार्षिक योजना वर्ष 2022-23 (सामान्य योजना, अनुसूचित जाति उपयोजना, जनजाति उपयोजना, आदिवासी उपयोजना बाहरी क्षेत्र) अंतर्गत मार्च 2023 तक किये गये व्यय का अनुमोदन। जिला वार्षिक योजना 2023-24 के तहत सितंबर 2023 के अंत तक क्रियान्वित की जाने वाली योजनाओं (सामान्य योजना, अनुसूचित जाति उप-योजना, जनजातीय उप-योजना, जनजातीय उप-योजना बाहरी क्षेत्र) और अन्य मुद्दों की प्रगति की समीक्षा चर्चा की गई.

### प्रस्ताव स्वीकृत

मौजा केशोरी तह अर्जुनी मोरगांव, जिला गोंदिया में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को 30 बिस्तरों वाले ग्रामीण अस्पताल में उन्नयन, 30 बिस्तरों वाले ग्रामीण अस्पताल को उन्नयन। अर्जुनी मोरगांव, जिला गोंदिया को 50 बिस्तरों वाले उपजिला अस्पताल, 30 बिस्तरों वाले ग्रामीण अस्पताल सड़क अर्जुनी जिला में उन्नयन। बैठक में गोंदिया को 100 बिस्तरों वाले उपजिला अस्पताल में अपग्रेड करने संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी दी गई. समिति ने वर्ष 2022-23 में JIYO 5054 (सामान्य) अन्य जिला सड़क विकास, JIYO 5054 (सामान्य) ग्रामीण सड़क सुदृढ़ीकरण और यात्रा स्थल विकास कार्यक्रम (सी श्रेणी तीर्थ विकास कार्यक्रम) में स्वीकृत कार्यों के आंशिक संशोधन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी।

## मराठा आरक्षण की मांग को लेकर सकल मराठा समाज गोंदिया का 3 नवंबर को धरना आंदोलन

**बुलंद गोंदिया।** महाराष्ट्र में मराठा समाज को आरक्षण देने की मांग को लेकर सकल मराठा समाज गोंदिया द्वारा 3 नवंबर शुक्रवार को नई प्रशासकी इमारत के समक्ष धरना आंदोलन किया जाएगा। गौरतलब है की मराठा समाज के आरक्षण की मांग संपूर्ण महाराष्ट्र में जोर-जोर से उठ रही है। जिसके लिए विभिन्न स्थानों पर धरने प्रदर्शन व आंदोलन चल रहे हैं। गोंदिया के सकल मराठा समाज द्वारा मराठा समाज को ओबीसी में शामिल न करने व कुनबी आरक्षण न देने तथा मराठा के लिए अलग से आरक्षण की मांग को लेकर शुक्रवार 3 नवंबर 2023 को सुबह 9.00 से शाम 6.00 बजे तक नई प्रशासकी इमारत अंबेडकर प्रतिमा के पास धरना आंदोलन किया जाएगा। तथा इस दौरान सकल मराठा समाज के प्रतिनिधियों द्वारा उपविभागीय अधिकारी को ज्ञापन देकर राज्य सरकार से मांग की जाएगी की मराठा समाज को कुनबी समाज के ओबीसी कोटे में मराठा समाज को शामिल न किया जाए वह मराठा समाज का स्वतंत्र आरक्षण दिया जाए। उपरोक्त धरना आंदोलन में सकल मराठा समाज के सभी समाज बंधुओ को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने का आवाहन सकल मराठा समाज समिति द्वारा किया गया है।

## गांव में निकाली प्रभातफेरी राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया

**सालेकसा**-आदिवासी छात्र- छात्राओं के शासकीय छात्रावास में राष्ट्रीय एकता दिवस हुआ. इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया. लोगों की एकता का संदेश देने के लिए गांव में प्रभात फेरी निकाली गई. सरदार वल्लभभाई पटेल और भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पण्यतिथि के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम काआयोजन किया गया. इस कार्यक्रम में मुख्य मार्गदर्शक के रूप में सालेकसा थाने के पुलिस निरीक्षक बाबासाहब बोरसे उपस्थित थे. राष्ट्रीय एकता दिवस की थीम पर रंगोली, निबंध और वकृत्व कला पर प्रतियोगिताएं आयोजित की गई. प्रस्तावना मीनाक्षी बढे ने रखी. संचालन पूजा व प्रियंका ने किया. सफलतार्थ अक्षय ढोरेकर, समस्त कर्मचारी व विद्यार्थियों ने प्रयास किया।

## गोंडवाना आदिवासी सांस्कृतिक भवन का उद्घाटन



**बुलंद गोंदिया।** देवरी में गोंडवाना आदिवासी सांस्कृतिक भवन का उद्घाटन आदिवासी विकास विभाग मंत्री डॉ. विजयकुमार गावितके हस्ते व गढ़चिरौली-चिमूर लोकसभा क्षेत्र के सांसद अशोक नेते उपस्थित में संपन्न हुआ । आदिवासी विकास मंत्री डॉ. विजयकुमार गावित ने आदिवासी विकास विभाग के माध्यम से आदिवासी समाज के समग्र विकास के लिए क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए आश्वासन दिया कि यदि आदिवासी समाज के समग्र विकास के लिए धन की आवश्यकता है, तो जिला योजना समिति में एक प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाना चाहिए। या अनुपूरक मांग में आवश्यक धनराशि का अनुरोध किया जाना चाहिए, और तदनुसार अनुमोदन दिया जाएगा। साथ ही आश्रम स्कूलों की शैक्षणिक गुणवत्ता में सुधार के लिए उचित योजना बनाई जा रही है और छात्रों के माता-पिता भी अपने बच्चों को नियमित स्कूलों में भेजें, इसके साथ ही वे अगले साल से उन्हें (गोंडी) बोली सिखाने की योजना बना रहे हैं। सांसद अशोक नेते ने कहा, इस क्षेत्र के समग्र विकास के लिए, मैं मंत्री से तहसील स्तर और जिला स्तर पर आदिवासी सांस्कृतिक हॉल के लिए मंजूरी देने और धन उपलब्ध कराने का अनुरोध कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि हॉल में कार्यक्रम आयोजित करना सुविधाजनक होगा। एकीकृत आदिवासी विकास परियोजना देवरी की ओर से जिला वार्षिक आदिवासी उपयोजना के तहत देवरी में गोंडवाना आदिवासी सांस्कृतिक भवन का निर्माण विगत डेढ़ वर्ष में पूर्ण कर 27 अक्टूबर 2023 को लोकार्पण समारोह संपन्न हुआ। परियोजना अधिकारी विकास राचेलवार ने परिचय देते हुए कहा, %%मुझे बहुत खुशी है कि सांस्कृतिक भवन का निर्माण पिछले डेढ़ साल में पूरा हुआ है, ताकि आदिवासी समुदाय के लिए स्वतंत्र रूप से सांस्कृतिक और विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा सकें और यह आज उद्घाटन किया जा रहा है। भविष्य में, हर तालुका स्तर पर आदिवासी समुदाय के लिए एक सांस्कृतिक हॉल की आवश्यकता है। उन्होंने अनुरोध किया कि यदि धन स्वीकृत हो, तो अन्य तालुकाओं में भी सांस्कृतिक हॉल का निर्माण किया जा सकता है।

कार्यक्रम में दशरथ कुलमेथे, उपायुक्त आदिवासी विकास नागपुर, पूजा धुर्वे सभापति समाज कल्याण गोंदिया, संजू उईके अध्यक्ष नगर पंचायत देवरी, अंबिका बंजार अध्यक्ष पंचायत समिति, उपस्थित थे। ढाबे मुख्य अभियंता लोक निर्माण अंजनकर, तुलशीराम सलामे, कौशल्या कुंभारे के साथ ही देवकी मरई, जमसिंग येरने, प्रज्ञा सांगीडवार और आदिवासी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## गुटखा बंदी पर नहीं हो रहा अमल

**देवरी**-राज्य सरकार ने गुटखा बिक्री पर पाबंदी लगाई है. किंतु शहर की अनेक दूकानों में धड़ल्ले से बिक्री हो रही है. आज की स्थिति में परिवार के पांच में से एक व्यक्ति को लत लग रही है. एक ओर हाथ में काम नहीं तो दूसरी और निराशा होने से लत बढ़ने से उसका दूरगामी परिणाम हो रहा है.. तंबाकू और तंबाकूजन्य पदार्थों के सेवन से कैंसर का प्रमाण बढ़ रहा है. जिस वजह से परिवार उध्वस्त होने का चित्र दिख रहा है. यह दुष्परिणाम देखते हुए राज्य में गुटका बंदी का निर्णय लिया गया. परंतु इस पर अमल नहीं होने का दिख रहा है.

## नागपुर विभागीय कैरम चैंपियनशिप में गुजराती शाला की सफलता

**बुलंद गोंदिया।** श्री गुजराती राष्ट्रीय केलवणी मंडल द्वारा संचालित गुजराती नेशनल हायस्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर नागपुर विभागीय कैरम चैंपियनशिप में अपना परचम लहराया।विजयी विद्यार्थियों में /14 आयुवर्ग में कु. मानसी सिकलगर व कु. जिज्ञासा भगत तथा /17 आयुवर्ग में कु. तृप्ती सातपुते का समावेश हैं। अब यह छात्राएँ हिंगोली में आयोजित होनेवाली महाराष्ट्र राज्य स्तर कैरम प्रतियोगिता में नागपुर विभाग का प्रतिनिधित्व करेंगी।विजेताओं ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के साथ शालेय क्रीड़ा शिक्षक कार्तिक पटेल व श्रीमती सीमा गौर को दिया।इस सफलता पर संस्थाध्यक्ष प्रफुलभाई पटेल, उपाध्यक्ष जयेशभाई पटेल, सचिव अजयभाई वडेरा, सहसचिव विजयकुमार जोशी, चंद्रेश माधवानी, व संस्था गणमान्य पदाधिकारीगण, श्रीमती रिज़वाना अहमद मैडम, अरविन्द पाटील समस्त शिक्षकवृन्द व कर्मचारिगणों ने विजेताओं को बधाई देकर आगे भी सफलता हेतु शुभकामनाएं दी।



## मित्रता में घात मित्र की हत्या शराब मटन की पार्टी के दौरान हुए विवाद में गला दबाकर शव को फेका नदी में

**बुलंद गोंदिया।** सालेकसा पुलिस थाना अंतर्गत आने वाले ग्राम पिपरिया निवासी मृतक राकेश उईके उम्र 38 वर्ष की उसके ही मित्र आरोपी प्रकाश द्वारा मित्रता में घात करते हुए शराब वह मटन की पार्टी के दौरान हुए विवाद में रस्सी से गला घोटकर सबूत मिटाने के लिए शव को नदी में फेंक दिया।




प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम पिपरिया स्थित राणीडोह नदी के किनारे ( छोटी बाघ नदी ) से लापता युवक की लाश मिलने के मामले में पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा कर दिया है। मृतक राकेश उईके ( 38 , पिपरिया ) की हत्या उसके साथ जंगल में शराब मटन की पार्टी करने वाले दोस्त प्रकाश ( 40 पिपरिया ) ने कर दी इसके बाद लाश गल्लाटोला जंगल परिसर स्थित छोटी बाघ नदी में 20 अक्टूबर के सुबह 8.00 बजे तैरती मिली।शव का पोस्टमार्टम कराया गया मृतक की पत्नी फरियादी बबीता उईके की रिपोर्ट पर पुलिस ने मृतक के दोस्त के खिलाफ हत्या का प्रकरण 29 अक्टूबर को धारा 302 , 201 के तहत सालेकसा थाने में दर्ज किया । प्राप्त जानकारी अनुसार मृतक राकेश सुखचरण उईके ( 38 , निवासी पिपरिया ) तथा आरोपी प्रकाश ( 40, निवासी पिपरिया ) यह दोनों आपस में मित्र थे 17 अक्टूबर के शाम आरोपी व मृतक यह गल्लाटोला स्थित राणीडोह नदी के पास जंगल परिसर में गए थे उन्होंने वहां मटन और शराब की पार्टी की इसके बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हुई और झगड़ा बढ़ गया जिसपर आक्रोशित आरोपी ने राकेश का रस्सी से गला दबाकर उसे मौत की घाट उतार दिया तथा सबूत को नष्ट करने के उद्देश्य से लाश को नदी के पानी में फेंक दिया। 20 अक्टूबर को मृतक की लाश नदी के पानी में तैरती पाई गई जिसके आधार पर पुलिस में धारा 174 आकस्मिक मौत का मामला पंजीबद्ध किया था , अब प्रारंभिक जांच पड़ताल के बाद तथा मृतक की पत्नी फरियादी बबीता उईके ( 35 , निवासी पिपरिया ) के शिकायत पर आरोपी के खिलाफ सालेकसा थाने में अपराध क्रमांक 390/ 23 की धारा 302 , 201 के तहत जुर्म दर्ज कराया गया है मामले के आगे की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक राऊत कर रहे है।

## सोंटू को अदालत ने भेजा जेल दूसरे मामले में भी जल्द होगी गिरफ्तारी

**बुलंद गोंदिया** ।करोड़ों रुपए के ऑनलाइन गेमिंग मामले में गिरफ्तार सोंटू जैन की रिमांड अवधि खत्म होने पर उसे शुक्रवार को अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया। दूसरे मामले में भी उसे प्रॉडक्शन वारंट पर जल्द गिरफ्तार किया जा सकता है। एक दिन पूर्व गोंदिया में हुए सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा, लेकिन जरूरी दस्तावेज जब्त किए जाने के बारे में पता चला है।



### जेल भेजने से पहले पुलिस सोंटू को लाई थी गोंदिया

आरोपी अनंत उर्फ सौटू जैन को दो बार रिमांड में लिया जा चुका है. लेकिन पुलिस उससे कुछ खास नहीं उगलवा पाई है, जबकि उसने कई व्यापारी, कुछ नेताओं को भी निवेश का झांसा देकर करोड़ों से ठगा हैं, लेकिन उक्त निवेशकों के नाम अभी भी उजागर करने से पुलिस कतरा रही है। इस बीच रिमांड अवधि खत्म होने पर शुक्रवार को दोपहर में क्राइम ब्रांच की टीम ने सॉटू को अदालत में पेश किया। अदालत ने उसे जेल भेज दिया है। इससे माना जा रहा है। कि पुलिस की जांच अधर में अटक गई है।हालांकि दूसरे मामले में प्रॉडक्शन वारंट पर उसे फिर जल्द गिरफ्तार किया जा सकता है। का प्रबंधक अंकेश खंडेलवाल और डॉ. गौरव बग्गा अभी भी पुलिस की गिरफ्त में हैं। सोन्टु को जेल भेजने के पूर्व गुरुवार को दोपहर में पुलिस ने सोटू के साथ गोंदिया में दस्तक दी। उसके नौकर की मदद से उसकी दुकान, निवास व अन्य स्थानों पर सर्च ऑपरेशन किया। देर रात तक चले इस ऑपरेशन में पुलिस के हाथ कुछ खास नहीं लगा है। क्राइम ब्रांच के प्रभारी उपायुक्त अर्चित चांडक ने कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त करने का दावा किया है।

## हुक डालकर बिजली चोरी

**गोंदिया**- अधिकांश जगह पर तारों पर हुक डालकर बिजली चोरी की जा रही है. इसके कारण कई बार शार्टसर्किट होकर इलाके की बिजली भी गुल हो जाती है. इस बिजली चोरी के कारण नियमित बिलों का भुगतान करने वाले ग्राहक परेशान हो रहे हैं. इस बात को लेकर कई बार विवाद भी हो जाते हैं. वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग को घाटा उठाना पड़ रहा है. विद्युत प्रशासन से अपेक्षा है कि वह इस दिशा में उचित कार्रवाई करें.

## संपादकिय...

### साइंटिफिक नजरिया जरूरी

NCERT की समिति ने स्कूलों में सोशल साइंस के सिलेबस को लेकर दो सिफारिशें की हैं। समिति ने कहा है कि किताबों में देश का नाम अब सिर्फ भारत ही लिखा जाए, इंडिया नहीं। इस प्रस्ताव को लेकर देशभर में नई बहस छिड़ गई है। नैशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च एंड ट्रेनिंग की एक उच्चस्तरीय समिति ने स्कूलों में सोशल साइंस के पाठ्यक्रम में संशोधन से जुड़ी जो सिफारिशें दी हैं, उनमें से कुछ को महज अनावश्यक कहकर काम चलाया जा सकता है, लेकिन कुछ सिफारिशें ऐसी भी हैं जिनके पीछे की दृष्टि गंभीर विचार-विमर्श की मांग करती है। समिति की जिस सिफारिश पर तत्काल और सबसे तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिली वह यह है कि स्कूली किताबों में देश का नाम अब सिर्फ भारत ही लिखा जाए, इंडिया नहीं। यह मसला कुछ समय पहले ही चर्चा में आ चुका है और इसके पक्ष-विपक्ष में दलीलें भी उसी समय से दी जाती रही हैं। उसे अलग से यहां दोहराने की जरूरत नहीं है। लेकिन चूंकि दोनों ही नामों का जिक्र संविधान में है इसलिए दोनों में से किसी भी नाम को कमतर या हीन मानते हुए दिखना उचित नहीं कहा जाएगा। खैर, अभी इस सलाह को NCERT ने भी स्वीकार नहीं किया है, इसलिए साफ नहीं है कि इस सलाह का भविष्य क्या होने वाला है। फिर भी इतना जरूर है कि इस सलाह से न तो स्कूलों के पाठ्यक्रम में किसी तरह का कोई गुणात्मक बदलाव होना है और न ही बच्चों की सोच-समझ या पढ़ाई में कुछ घटना या बढ़ना है। ऐसे में बेवजह एक राजनीतिक विवाद शुरू करना NCERT की इस समिति के लिए जरूरी नहीं था। इससे आसानी से बचा जा सकता था।लेकिन समिति के अन्य सुझावों को बेवजह का नहीं बताया जा सकता है। न सिर्फ उनके पीछे पर्याप्त गंभीरता है बल्कि उन पर खास तरह की वैचारिकता की छाप भी दिखती है। उदाहरण के लिए, समिति की एक सलाह यह है कि अतीत में हुए युद्धों का जिक्र करते हुए स्कूली किताबों में 'हिंदू विजयों' को रेखांकित किया जाए। समिति के अध्यक्ष सी आई इसाक के शब्दों में, 'पाठ्यपुस्तकों में हमारी विफलताओं का जिक्र तो है, लेकिन मुगलों और सुल्तानों पर हमारी जीतों का जिक्र नहीं है।' जाहिर है, हिंदू जीतों पर जोर देने का समिति का आग्रह इस तथ्य से मेल खाता है कि समिति के अध्यक्ष खुद को युद्ध के एक पक्ष (मुगलों और सुल्तानों) के खिलाफ और दूसरे पक्ष के साथ खड़ा करके इतिहास को देखने की कोशिश कर रहे हैं। यह नजरिया दो वजहों से दोषयुक्त कहा जाएगा। एक तो इसमें वह वस्तुनिष्ठता या ऑब्जेक्टिविटी नहीं है जो इतिहास जैसे विषय के साथ बरतने की जरूरत होती है। दूसरी बात यह कि अगर किसी खास समूह के साथ जुड़ाव रखते हुए भी चीजों को देखा जाए तो अपनी गलतियों या कमजोरियों से बचने की या किसी उपाय से उन्हें छुपाने की जो घोषित-अघोषित इच्छा इसमें झलकती है, वह यूं भी किसी व्यक्ति या समाज को स्वस्थ नजरिया नहीं दे सकती।

# सरकार भूजल दोहन को रोकने के लिए व्यावहारिक और स्थायी समाधान करे

जलवायु परिवर्तन की वजह से अनेक इलाके सूखे का सामना कर रहे हैं, तो कई इलाकों में अतिवृष्टि देखी जा रही है, जिससे जल संचय के पारंपरिक तरीके विफल साबित हो रहे हैं।

भूजल के अतार्किक दोहन को लेकर लंबे समय से चिंता जताई जाती रही है। इस पर समय रहते रोक लगाने के सुझाव भी दिए जाते रहे हैं। मगर हकीकत यह है कि इस दिशा में अभी तक कोई व्यावहारिक कदम नहीं उठाया जा सका है या जो कदम उठाए भी गए वे कारगर साबित नहीं हो पाए हैं।

इसी का परिणाम है कि अनेक क्षेत्रों में भूजल का स्तर तेजी से घटा और खतरनाक बिंदु के पार पहुंच गया है। सिंधु और गंगा के इलाकों में भूजल का स्तर जोखिम बिंदु को पार कर चुका है। अब संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी है कि 2025 तक उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र में भूजल का गंभीर संकट पैदा हो सकता है। यह क्षेत्र देश के खाद्यान्न का बड़ा हिस्सा पैदा करता है। इसमें हरियाणा और पंजाब धान और गेहूं का सर्वाधिक उत्पादन करते हैं।

जाहिर है, इन इलाकों में भूजल का स्तर जोखिम बिंदु से नीचे चला जाएगा, तो खाद्यान्न उत्पादन



बुरी तरह प्रभावित होगा। संयुक्त राष्ट्र विश्वविद्यालय- पर्यावरण और मानव सुरक्षा संस्थान द्वारा प्रकाशित 'अंतरसंबद्ध आपदा जोखिम रिपोर्ट 2023' में कहा गया है कि पंजाब के अठहत्तर फीसद कुएं अतिदोहन का शिकार हैं। जलवायु परिवर्तन के कारण यह चुनौती और विकट होने की आशंका है।

हालांकि नलकूपों के जरिए भूजल के दोहन पर लगाम लगाने के लिए कई जगहों पर कुछ सख्त कदम भी उठाए गए हैं। खासकर पंजाब और हरियाणा में सरकारें किसानों से लगातार अपील करती रही हैं कि वे मौसम से पहले धान की खेती न करें, भूजल का दोहन कम करें। इसके लिए दंड का भी प्रावधान किया गया।

मगर जब उसका असर नजर नहीं आया तो समय से पहले धान की खेती न करने वाले यानी भूजल का दोहन रोकने में मदद करने वाले किसानों को प्रोत्साहन राशि की भी घोषणा की गई। हालांकि जिस तरह इन इलाकों में भूजल का स्तर निरंतर नीचे जा रहा है, उसमें ये कदम बहुत प्रभावी साबित नहीं हो रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार सत्तर फीसद भूजल का इस्तेमाल खेती के लिए किया जाता है।

ऐसे में खेती-किसानी के तरीके बदलने पर भी जोर दिया जाता रहा है, जिसमें सिंचाई के लिए कम पानी की खपत हो सके। जीन प्रसंस्कृत बीजों वाली फसलों को अधिक पानी की जरूरत होती है, इसलिए अब जैविक खेती को प्रोत्साहित किया जा रहा है। मगर अधिक उत्पादन के लोभ में किसान जीन प्रसंस्कृत बीजों का मोह त्याग नहीं पा रहे।

जलवायु परिवर्तन की वजह से अनेक इलाके सूखे का सामना कर रहे हैं, तो कई इलाकों में अतिवृष्टि देखी जा रही है, जिससे जल संचय के पारंपरिक तरीके विफल साबित हो रहे हैं। इस तरह जमीन से जितना पानी खींचा जा रहा है, उतना नीचे नहीं पहुंचाया जा पा रहा। भूजल का स्तर जोखिम वाले बिंदु के नीचे पहुंच रहा है। हालांकि खेती के अलावा भी बहुत सारी औद्योगिक इकाइयों में भूजल का अंधाधुंध दोहन हो रहा है।

उन पर भी काबू करने की मांग उठती रही है। दरअसल, सूखे के समय भूजल बहुत उपयोगी संसाधन साबित होता है। इसलिए जलवायु परिवर्तन की वजह से सूखे के बढ़ते संकट में भूजल के स्तर को बचाने की जरूरत ज्यादा महसूस की जा रही है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट के मद्देनजर एक बार फिर सरकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे भूजल के अतार्किक दोहन को रोकने के लिए व्यावहारिक और स्थायी उपाय निकालें।

# विदेशी पंछियों के कलरव से गूंज उठे गोंदिया के बांध व तलाव-प्रतिवर्ष हजारों किलोमीटर की यात्रा कर पहुंचते हैं

### 50 से अधिक प्रजाति के पक्षियों का आगमन, चार माह बाद होगी वापसी

**बुलंद गोंदिया। ( महेश मेश्राम आमगांव )** -गोंदिया को तालाबों का जिला कहा जाता है. ऐसे में ठंड आरंभ होने के साथ ही यहां प्रवासी पक्षियों का आगमन शुरू हो गया है. जिससे पक्षी प्रेमियों का उत्साह व बांध- तालाबों की रौनक बढ़ने लगी हैं। हजारों कि.मी. का लंबा सफर तय कर पूर्व विदर्भ में इन पक्षियों को समूह के साथ आसमान में देखा जा सकता है. हिमालय के अलावा यूरोपीय देश साइबेरिया से लगभग 10 हजार कि.मी. की दूरी तय कर नवंबर, दिसंबर एवं जनवरी महीने में इन पक्षियों का यहां आगमन होता है, जबकि इनकी वापसी बसंत पंचमी यानी फरवरी-मार्च माह के आंत तक होती है। इन प्रवासी पक्षियों में ग्रेलेक गुग्स, कॉमन



पोचार्ड, रेड क्रिस्टेड पोचाई, मलाई, गारगनी, आर्कटिक टर्न, साइबेरियन सारस, ब्लेक टेल्ड गॉडविट, कॉमन दिल, साइबेरियन क्रेन, नॉर्दर्न पिनटेल, ओपन बिल स्टॉर्क, पॅटेट स्टार्क, कारमोरंट, परंपल मोरहेन, ब्लैक हेड, ब्लैक हेड आंबिस, व्हाइट ब्रेस्ट वाटरहेन, ग्रे हेरान, लेसर विंग इक एवं अन्य ढेरों प्रजातियों के पक्षी शामिल रहते है. सर्वाधिक पक्षी वनक्षेत्र से घिरे तालाब परिसर में दिखाई देते है।

इनमें नवेगावबांध, नागझिरा, चुलबंद प्रकल्प, पुजारीटोला, बाजारटोला, परसवाडा, झिलमिली, आमगांव का नवतालाब, महादेव पहाड़ी परिसर, झालिया तालाब, अंजोरा तालाब आदि जलाशयों का समावेश है।



पक्षी अनुकूल वातावरण और भोजन की उपलब्धता को ध्यान में रख कर अपना प्रवास करते है, ऐसा नही की दूसरे देश के पक्षी ही हमारे देश मे आते है, हमारे देश के पक्षी दूसरे देशों में भी जाते हैं।

**मुकुंद धुर्वे, ( मानद वन्यजीव रक्षक )**

विदेशी पक्षियों की सुरक्षा एवं तालाबों की सफाई पर काफी धन खर्च किया जाता है लेकिन तालाबों में प्रदूषण दिन व दिन बढ़ता जा रहा है. साथ ही शिकारियों की संख्या में भारी वृद्धि हो रही है. यही प्रमुख कारण है कि प्रवासी पक्षियों की संख्या में कमी देखी जा रही है. तालाब परिसर में रहने वाले लोगों को भी पक्षियों की सुरक्षा के लिए सहयोग करना चाहिए ताकि शिकारियों के साथ प्रदूषण फैलाने वाले लोगों पर नकेल कसी जा सके।

# 12 लोगों को 3 साल का सश्रम कारावास

### » जादूटोना करने का संदेह कर मारपीट कर गांव में घुमाया

**गोंदिया**-तहसील के जब्बारटोला में 29 जून 2016 को पन्नालाल बघेले (65) को गांव के लोगों ने तांत्रिक होने के संदेह में मारपीट कर गांव में घुमाया था. इस मामले में जिला सत्र न्यायालय ने जब्बारटोला के 12 लोगों को 3 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है. यह सुनवाई प्रथम श्रेणी न्यायदंडाधिकारी वाई.जे. तांबोली ने 1 नवंबर को की है.गोंदिया तहसील के जब्बारटोला के पन्नालाल बघेले को 29 जून 2016 को रात करीब 8 बजे हिवराफाटा में ग्रामीणों ने मारपीट कर गांव में घुमाया था. पुलिस ने इस मामले में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया. जब्बारटोला के कुछ लोगों को अपनी परेशानी के लिए पन्नालाल बघेले के जादूटोने को जिम्मेदार होने का संदेह हुआ और उन्होंने रात 8 बजे के आसपास पन्नालाल बघेले को सड़क पर रोका और उससे पूछताछ की. इस समय उसकी जमकर पिटाई की गई. पन्नालाल बघेले गंभीर रूप से घायल हो गए और उनका इलाज केटीएस जिला सामान्य अस्पताल में किया गया. पन्नालाल के बेटे संतोष बघेले की शिकायत पर गोंदिया ग्रामीण पुलिस ने 12 लोगों के खिलाफ आईपीसी की धारा 143, 147, 323, 326, 342, महाराष्ट्र बलि प्रथा और अन्य अमानवीय और अघोषित



कृत्यों की रोकथाम व उन्मूलन और काला जादू अधिनियम 2013 के तहत मामला दर्ज किया था. इस मामले की जांच पुलिस निरीक्षक सुनील पाटिल ने की थी. इस मामले में 12 आरोपियों को सजा सुनाई गई. सरकारी वकील मुकेश बोरिकर ने इस मामले में फिर्यादी का प्रतिनिधित्व किया. इस मामले में कैलाश नागपुरे, देवदास चिखलोंडे, संजू चिखलोंडे, मोरसिंह चिखलोंडे, राजकुमार चिखलोंडे, मुन्नालाल चिखलोंडे, सुरेंद्र चिखलोंडे, डोमा बागड़े, दिनेश बागड़े, देवचंद चिखलोंडे, धर्मराज चिखलोंडे और बाबूलाल चिखलोंडे को सजा सुनाई गई है. इनमें से धर्मराज चिखलोंडे और बाबूलाल चिखलोंडे की मौत हो चुकी है.

# अंधेरे में बितेगा किसानों का दीपावली त्योहार अब तक शुरू नहीं हुए धान खरीदी केंद्र

**गोंदिया**-दीपावली को अभी 10 दिन बाकी है, किंतु अब तक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्र नहीं खुलने से इस वर्ष किसानों की दिवाली अंधेरी रहेगी. यह हालात पूरे विदर्भ के है. कृषि उत्पन्न बाजार समिति में कम दाम पर धान की खरीदारी होने से किसानों को आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. सरकार ने भले ही सी ग्रेड धान के लिए 1410 रुपए और ए ग्रेड धान के लिए 1450 रुपए की कीमत दी है, किंतु किसानों को कृउबास के माध्यम से 1100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान बेचना पड़ रहा है. हर साल 15 अक्टूबर को जिला मार्केटिंग फेडरेशन और आदिवासी विकास महामंडल की ओर से उप एजेंट नियुक्त करके धान की खरीद की जाती है, जो जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदते हैं, किंतु सरकार की गलत नीति के कारण अब तक धान खरीदी केंद्र शुरू नहीं हो सके है.6 6 किसान अपना धान कृषि उत्पन्न बाजार समिति में बेचते है. जिले के 8 तहसीलों में से 7 तहसीलों में कृषि उत्पन्न बाजार समितियां हैं. सरकारी परिपत्र के अनुसार धान खरीदते और बेचते समय इलेक्ट्रॉनिक वजन कांटों के उपयोग की आवश्यकता होती है, लेकिन कई स्थानों पर वजन कांटों की मदद से धान खरीदा जाता है. कृउबास का इस पर कोई नियंत्रण नहीं है, जैसे-जैसे दिवाली करीब आ रही है, किसान कृउबास में अपना धान बेच रहे हैं. असल मैं उन्हें अपना कर्ज चुकाने के लिए नकदी मिल रही है. समर्थन मूल्य से कम कीमत पर धान खरीदे जाने से किसानों को नुकसान हो रहा है. धान की फसल की अधिक लागत और कम उत्पादन के कारण किसान खेती नहीं कर पाते हैं. व्यापारियों की लूट को रोकने के लिए किसान जल्द से जल्द समर्थन मूल्य पर धान खरीदी केंद्र खोलने की मांग कर रहे हैं.

# जिला वार्षिक योजना की निधि पर जिला परिषद का अधिकार जिला परिषद के माध्यम से हो नियोजन - जिप अध्यक्ष पंकज रहांगडाले

**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया जिला परिषद अध्यक्ष पंकज रहांगडाले ने स्पष्ट रुख अपनाया कि जिला वार्षिक योजना की निधि पर जिला परिषद के अधिकार को साझा नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि जिला योजना समिति के चुनाव की प्रक्रिया शुरू कर जिला परिषद सदस्यों को जिला योजना समिति में जगह दी जाये। जिला योजना समिति में अध्यक्ष को छोड़कर 20 जिला परिषद सदस्य होते हैं। लेकिन पंकज राहंगडाले ने यह भी सवाल उठाया कि जब जिला परिषद के चुनाव को डेढ़ साल का समय बीत चुका है, तब भी जिप सदस्य जिला योजना समिति में शामिल क्यों नहीं किया जा हैं। जिला परिषद के माध्यम से संचालित क्षेत्रीय जल आपूर्ति योजनाओं कोबनगाव, घाटकुरोडा, रामपुरीऔर अर्जुनी मोरगांव तहसील में सिरेगांवबांध जलापूर्ति योजना के रखरखाव और मरम्मत के लिए सरकार से धन मिलना बंद होने के कारण योजना चलाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए, जिला परिषद अध्यक्ष पंकज




रहांगडाले ने पालक मंत्री आत्राम से राशि के लिए अनुरोध किया। इसके साथ ही जैसे ही पालक मंत्री ने सुझाव दिया कि जिला योजना समिति की 3054/5054 योजना के तहत 40 प्रतिशत निधि जिला परिषद को, 40 प्रतिशत विधायकों को और 20 प्रतिशत पालक मंत्री को आवंटित की जानी चाहिए. जिला परिषद अध्यक्ष पंकज रहांगडाले ने कहा कि फंड पर जिला परिषद का अधिकार है और इस योजना के फंड का नियोजन पूर्ण रूप से जिला परिषद द्वारा किया जायेगा।

# माहेश्वरी समाज ने मनाई कोजागिरी

**गोंदिया**-शहर माहेश्वरी मंडल के डा. नितिन सोमानी व गोंदिया शहर माहेश्वरी महिला मंडल के किरण चांडक की अध्यक्षता में कोजागिरी का त्योहार हर्षोल्हास से आयोजित हुई. कार्यक्रम में सभी वर्ग की लिए विशेष गेम्स रखे गए थे. जिसमें बड़े बुजुर्ग से बच्चे सहित सभी ने भाग लेकर गेम्स का आनंद उठाया. टंग ट्विस्टर गेम में श्वेता नवाल, आयूषी मूंदड़ा, श्रीराम नवाल विजेता रहे. म्यूजिकल चेयर विथ ट्विस्ट गेम प्रथम विहान कोठारी, द्वितीय वंदना मूंदड़ा तथा हौसी गेम प्रथम अंजू नवाल, द्वितीय सरस्वती राठी, तृतीय स्थान आर्यन मुंदड़ा ने किया. कार्यक्रम में विशेष रूप से समाज के वरिष्ठ सदस्य किरणकुमार मूंदड़ा, डा. लालचंद सोमानी, रमेश डागा, रमन कोठारी. श्रीकुमार दम्मानी, इंद्रकुमार मूंदड़ा, बृजरतन मूंदड़ा, श्रीराम नवाल, संतोष मूंदड़ा, मुकेश



मूंदड़ा, भोजराज चांडक, जयकिशन मूंदड़ा, प्रशांत मूंदड़ा,आशीष मूंदड़ा, बालकृष्ण नवाल, मोहित मूंदड़ा, संदीप मूंदड़ा, अमित मूंदड़ा, डा. संदीप कोठारी, श्रीकांत राठी, आदित्य मूंदड़ा, पराग मूंदड़ा, जयेश मूंदड़ा, आकाशडागा, रवि डागा आदि उपस्थित थे. संचालन सुनीता मूंदड़ा ने व आभार अमित मूंदड़ा ने माना भगवान महेश के जय घोष से कार्यक्रम का समापन किया गया.

# स्वास्थ्य केंद्र में चोरी करने वाले गिरफ्तार

### *शहर पुलिस की कार्रवाई 1.35 लाख का माल जब्त*

गोंदिया. शहर के कुंभारेनगर स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का ताला तोड़कर कम्प्युटर चोरी करने वाले आरोपियों को शहर पुलिस गिरफ्तार किया है. आरोपियों के नाम मुर्री चौकी निवासी उदय उर्फ भाऊ उपाध्याय (19) व कुंभारेनगर निवासी धम्मदीप गजभिये (19) बताया गया है.

कुंभारेनगर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से 3 मॉनिटर व 3 सिपीयु चोरी होने शिकायत राजाभोज कॉलोनी मरारटोली निवासी फिर्यादी डा. सलील पाटिल ने शहर पुलिस थाने में की थी. पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अपर पुलिस अधीक्षक अशोक बनकर ने सभी थानेदार को दिए निर्देश के अनुसार उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुनील ताजने के मार्गदर्शन में शहर थाने के पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत सुर्यवंशी के आदेश पर स्थानीय अपराध शाखा के पुलिस अंमलदारों को मिली जानकारी व सीसीटीव्ही फुटेज के आधार पर संदिग्ध आरोपी उदय उर्फ आऊ उपाध्याय व धम्मदीप गजभिये को हिरासत में लिया गया. आरोपियों को विश्वास में लेकर उनसे अपराध के बारे में पूछताछ करने पर उन्होंने अपराध कबुल किया. उनके पास से 3 मॉनिटर, 3 सीपीयु ऐसा कुल 1 लाख 35 हजार रु. का माल जब्त किया गया. जांच हवलदार जागेश्वर उईके कर रहे हैं. यह कार्रवाई वरिष्ठों व पुलिस निरीक्षक चंद्रकांत सुर्यवंशी के मार्गदर्शन में स्थानीय अपराध शाखा के सहायक पुलिस निरीक्षक सागर पाटिल,




हवलदार जागेश्वर उईके, कवलपालसिंग भाटिया, सुदेश टेंभरे, सतिश शेंडे, प्रमोद चव्हाण, दीपक रहांगडाले, महिला हवलदार रिना चव्हाण, सिपाही दिनेश बिसेन, मुकेश रावते, कुणाल बारेवार, अशोक रहांगडाले, सुभाष सोनवाने ने की.

# पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हस्ते सुर्याटोला प्रभाग क्रं. 13 में रस्ते निर्माण का भुमिपुजन

## दिपावली के बाद शुरू होंगे गोंदिया में तीनों रेल्वे उड़ानपुलों का निर्माण- पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल

**बुलंद गोंदिया।** पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के प्रयासों से राज्य सरकार के नगर विकास विभाग ने वैशिष्ठपूर्ण कार्य योजना अंतर्गत 10.70 करोड़ रुपये लागत के विकास कार्यों को मंजुरी दी थी। योजना अंतर्गत गोंदिया शहर सुर्याटोला प्रभाग क्रं. 13 में सिमेंट रस्ता बांधकाम भी मंजुर हुआ। निर्माणकार्य का भुमिपुजन पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल के हस्ते संपन्न हुआ। इस अवसर पर पूर्व विधायक गोपालदास अग्रवाल ने कहा कि गत 15 वर्षों में हमने गोंदिया को हर लिहाज से एक स्मार्ट सीटी बनाने का लक्ष रख कार्य किया। हमेशा प्रयत्न किया कि, नागरीकों द्वारा दिये अवसर का क्षेत्र के विकास में पुरा उपयोग हो और भविष्य में जो आमदार बने वो हमारे विकास कार्यों को और आगे ले जाये, लेकिन जहां हमने शासकीय शिक्षण संस्थान स्थापित कराये, केटीएस बीजीडब्ल्यु रुग्णालय की क्षमता 3 गुना करायी, उडानपुल और बायपास मार्ग बनाये और शहर के अलग-अलग कोनो में स्थापित 40 शासकीय कार्यालयों को जयस्तंभ चौक में प्रशासकीय भवन निर्माण कर एक स्थान पर लाकर नागरीकों को राहत देने की संकल्पना साकर की। आज गोंदिया विधानसभाक्षेत्र का विकास प्रत्यक्ष से हटकर व्हॉटसप पर आ गया है। मोहल्ले-मोहल्ले में 150-200-300 करोड रुपये के विकास कार्यों की मंजुरी का दावा कर जनता को गुमराह करते फ्लैक्स बोर्ड के सामने की सड़के उबड खाबड गड्डों से पटी है। गोंदिया शहर का हृदयस्थल गांधी प्रतिमा चौक हो या नेहरु चौक से मामा चौक-हड्डीटोला क्रांसिंग तक की सड़क, हर जगह बेतरतीब उबड़-खाबड़ सडकों के निर्माण से रस्तों के बुरे हाल है।



2019 में विधानसभा के पूर्व हमने गोंदिया में पुराने रेल्वे उडानपुल के स्थान पर नवीन पुल के साथ-साथ मरारटोली रेल्वे क्रासींग और हड्डीटोली रेल्वे क्रासींग पर नवीन पुलों के निर्माण को मंजुरी दिलाई थी। आज 4 वर्ष बाद भी एक भी पुल का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ और जब हमने तीनों पुलों के निर्माण कार्यों के लिये राज्य सरकार के स्तर पर प्रयत्न शुरू किये तभी जाकर तीनों पुलों के निर्माण कार्यो को अब गती मिल रही है और दिपावली के बाद तीनों पुलों के निर्माण शुरू होंगे। जल्द ही एक बार पुनः गोंदिया शहर में नल्ली-गल्ली से ऊपर उठकर गोंदिया शहर को स्मार्ट सीटी बनाने की दिशा में बड़ी योजनाएं क्रियान्वित की जायेगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भावना कदम, शहर भाजपा अध्यक्ष अमित झा, शकील मन्सुरी, अध्यक्ष निर्मला मिश्रा, शंभुशरणसिंह ठाकुर, अजय गौर, संदिप रहांगडाले, मुकेश चन्ने, रतन वासनिक, मौसमी भालाघरे, मौसमी सोनछात्रा, नरेन्द्र हालानी, इमरान खान, सुमित महारवाड, दुर्गेश बर्वे, मधुभाई व्यास, पप्पु खाडे, इरशाद भाई खान, इरफान भाई खान, सुशित केसलकर, बाबा भाई शेख, सुर्यकांत त्रिवेदी, निशांत बहेकार, प्रमोद गेडाम, अनिल तुपकर, दिवेश त्रिवेदी, निकुंज त्रिवेदी, नौशद भाई, गायत्री राठौड़, रईस भाई, पप्पु भाई, विपुल त्रिवेदी, जुनेद भाई, असलम भाई व बॉर्डवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# एक रोटी कम खाये पर शिक्षा से वंचित ना रहे-भीमराव यशवंतराव आंबेडकर



**बुंलद गोंदिया। ( संवाददाता खातिया )**- भारतीय बौद्ध महासभा के राष्टीय कार्याध्यक्ष भीमराव यशवंतराव आंबेडकर ने समता शैनिक दल के विषय पर मार्गदर्शन करते हुए कहा कि गांव वहा शाखा व हर घर एक शैक्षिक होना चाहिए साथ ही एक रोटी कम खाये पर शिक्षा से वंचित ना रहे उक्त आशय के उद्गार भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा। गोंदिया जिले मे सथांगार मे लोकार्पण समारोहके अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा जिला शाखा अध्यक्ष देवाराम मेश्राम, महासचिव एम. एम.प्रकाश डोंगरे,तहसील शाखा अध्यक्ष एन.एल मेश्राम, महासचिव कोमलकुमार नंदागवली, कोषाध्यक्ष विजय गढ़पायले, महीला उपाध्यक्ष कंचना मेश्राम,सर्कल कामठा अध्यक्ष योगीराज वंजारी, महासचिव विजेंद्र मेश्राम, प्रफुल्ल लांजेवार, विजय मेश्राम, मयाराम गजभिए, संतोष उके, बाबुलाल गढ़पायले, तुलसीदास मेश्राम भारतीय बौद्ध महासभा तहसील शाखा के सभी पदाधिकारी कि ओर से भारतरत्न डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर इनके नाती भारतीय बौद्ध महासभा राष्टीय कार्याध्यक्ष भीमराव यशवंतराव आंबेडकर का शाल पुष्पगुच्छ भेंट देकर सत्कार किया गया। भीमराव यशवंतराव आंबेडकर इनका सत्कार भारतीय बौद्ध महासभा के अनेक कार्यकर्ताओं के माध्यम से सड़क अर्जुनी, गोरेगांव,मुंडीपार कारंजा आदि स्थानों पर रोककर षुष्प गुच्छ भेंट देकर स्वागत किया गया

गोंदिया मे कदम रखते ही सर्वप्रथम उन्होंने तहसील कार्यालय के सामने स्थित भारतरत्न डॉक्टर बाबासाहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दिप प्रज्वलीत किया व विनम्र अभिवादन किया इस अवसर पर भारतीय बौद्ध महासभा जिला शाखा अध्यक्ष देवाराम मेश्राम, तहसील अध्यक्ष एन.एल.मेश्राम, महासचिव कोमलकुमार नंदागवली सर्कल कामठा अध्यक्ष योगीराज वंजारी, महासचिव विजेंद्र मेश्राम आदि उपस्थित थे।

# मेरी माटी मेरा देश राजकुमार बड़ोले ने अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र का अमृत कलश महाराष्ट्र प्रदेश के केंद्रीय मंत्री श्रीकांत भारतीय को सौंपा

**बुलंद गोंदिया।( संवाददाता अर्जुनी मोरगांव )**- मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र में गांव-गांव से पवित्र मिट्टी का संग्रहण किया गया. तदनुसार, राज्य के पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले अपने प्रमुख कार्यकर्ताओं के साथ अमृत कलश में एकत्रित मिट्टी को विदर्भ एक्सप्रेस से मुंबई ले गए। सुबह 10:30 बजे अमृत कलश को अर्जुनी मोरगांव से वॉर रूम सड़क अर्जुनी और फिर भाजपा कार्यालय सड़क अर्जुनी से गोंदिया रेलवे स्टेशन तक ले जाया गया और मुंबई की ओर प्रस्थान किया गया। व मुंबई में अमृत कलश पूर्व मंत्री राजकुमार बडोले ,विजय कापगते तहसील अध्यक्ष अर्जुनी मोरगांव, , लक्ष्मीकांत धानगाये शालींदर कापगते उपसभापती, शिशीर येळे के हस्ते महाराष्ट्र प्रदेशके केंद्रीय मंत्री श्रीकांत भारतीय को सौंपा गया। इस अवसर पर विजय शिवणकर दिपक कदम, लायकराम भेंडारकर, डॉ. लक्ष्मण भगत, लक्ष्मीकांत धानगाये विजय कापगते , संजय बारेवार,रत्नदीप दहिवले, मनोज बोपचे, गिरिधारी बघेले, ओमप्रकाश पवार, जयंत शुक्ला, शालिंदर कापगते, रामेश्वर मारवाडे, चेतन वळगाये , अशोक लंजे, शिशिर येळे, तुकाराम राणे, फनिद्र पटले, रवींद्र पटले, अनंत ठाकरे, पद्मताई परतेकी, कविताताई रंगारी, चंद्रकलाताई डोंगरवार, निशाताई तोडासे, दिपाली ताई मेश्राम, वर्षाताई शहारे, राधेशाम भेंडारकर, गुड्डु डोंगरवार, ललित डोंगरवार, डिलेश सोनटक्के, सुभाष कोळमते, किशोर मेश्राम, अविनाश नाकाडे आदि भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।



# हत्या का आरोपी जमानत पर रिहा

**गोंदिया**-शहर थाने के तहत झंडा चौक, भीमनगर निवासी पंकज मेश्राम (33) की हत्या के आरोप में लिप्त आरोपी इमरान मुश्ताक शेख (29) को न्यायालय ने जमानत पर रिहा कर दिया.

आरोपियों ने 19 अक्टूबर 2023 को पंकज के घर में घुसकर चाकू मारकर उसकी हत्या कर दी थी. इस हत्या में इमरान के अलावा सुंदरनगर निवासी श्रीकांत भिवगडे (19), विशाल कोसरकर( 25 ), शुभम चौधरी ( 19 ) व एक अन्य नाबालिग शामिल था. इस संदर्भ में चश्मदीद तुषार सिंगाडे की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर न्यायालय में आरोप पत्र पेश किया था. जिला सत्र न्या. वानखेडे ने मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी इमरान शेख को जमानत पर रिहा कर दिया. इस मामले में सरकार की ओर से एड. चांदवानी तथा आरोपी की ओर से एड. निजाम व एड. बारापात्रे ने पैरवी की.

# गोंदिया जिले के 4 शुटर्स का राज्य स्तरीय शुटींग स्पर्धा के लिये चयन




**बुलंद गोंदिया।** उपसंचालक, क्रिडा व युवक सेवा, नागपुर विभाग अंतर्गत जिल्हा क्रिडा में गोंदिया में नागपुर विभागीय शालेय शुटींग स्पर्धा का आयोजन गोंदिया डिस्ट्रीक्ट रायफल एसोशियेशन द्वारा संचालीत किया गया। जिसमे सम्पुर्ण विभाग के विभिन्न जिलो से 36 शुटर्स द्वारा 14 वर्ष आयु वर्ग में 12 गर्ल शुटर्स एवं 24 शुटर्स ने भाग लिया। जिसमे गोंदिया जिले से प्रथम बार गोंदिया डीस्ट्रीक्ट राय एसोसियेशन द्वारा संचालीत शुटींग रेंज के शुटर्स, पिस्टल वर्ग में कुमारी रिया प्रमोद कु (सेन्त झेवीयर स्कुल) ने प्रथम स्थान, मास्टर लक्ष्य विजय अग्रवाल (माउन्ट लिटरा स्कुल प्रथम स्थान, तभीम शेख (चित्रांश एकेडमी) ने द्वितिय स्थान एवं पीप साईट रायफ मास्टर राहुल अमर गांधी (स्टार इन्टरनेशनल स्कुल) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। यह शुटर्स राज्य स्तरीय स्पर्धा में नागपुर विभाग का प्रतिनीधित्व करेंगे। स्पर्धा को सफल बनाने के लिये नैलेश शेन्डे (नेशनल गोल्ड मेडलीस्ट एन.आई.एस. सर्टीफाईड कोच), आर. टाण्डेकर (रिटा. मिल्ट्री आफिसर), विनेश फुंडे नागपुर से शंशाक चौव्हान नेशनल कोच (एन.डी.आर.ए.) प्र यादव (नेशनल गोल्ड मेडलीस्ट एवं एन.आई.एस. सर्टीफाईड कोच) रिना सचदेव (नेश. प्लेयर), धनश्री काम्बले (नेशनल प्लेयर), अविनाश बजाज, सचिव (जी.डी.आर.ए.) एव अमर गांधी, सह-सचिव (जी.डी.आर.ए.) ने अथक प्रयास किया। नाकट, जिल्हा क्रिडा अधि गोंदिया, मरसकोल्ह, तहसील क्रिडा अधिकारी गोंदिया, डॉ राजेन्द्र जैन, छाया वडेरा, प्र मेश्राम एवं रेंज के सभी सदस्यों तथा संस्था के सभी पदाधिकारीयो ने विजेता शुटर्स को उज्जवल भाविष्य कि शुभकामनाये दी। यह जानकारी डीस्ट्रीक्ट रायफल एसोसियेशन के सचिव अविनाश बजाज ने दी।

# 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा अपना नाम मतदाता सूची में कराये दर्ज -जिलाधिकारी चिन्मय गौतमारे

## प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित

**बुलंद गोंदिया।** 1 जनवरी 2024 की अर्हता तिथि के आधार पर निर्वाचक सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत प्रारूप निर्वाचक सूची जारी कर दी गई है। 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा अपना नाम मतदाता सूची में करवाने की अपील जिलाधिकारी चिन्मय गौतमारे नई की । इस अवसर पर उप जिलाधिकारी (निर्वाचन) किरण अम्बेकर, आपदा प्रबंधन अधिकारी राजन चौबे और नायब तहसीलदार अप्पासाहेब वान उपस्थित थे।

गोंदिया जिले के 63-अर्जुनी मोरगांव विधानसभा क्षेत्र में मतदान केंद्रों के सुव्यवस्थीकरण और मानकीकरण के तहत 02 नए मतदान केंद्रों (230-तिडका और 253-अर्जुनी मोरगांव) के निर्माण के प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन अधिकारी, महाराष्ट्र राज्य और चुनाव को प्रस्तुत किए गए हैं। भारत आयोग, नई दिल्ली। दिनांक 18 अक्टूबर 2023 के पत्र द्वारा उक्त नये मतदान केन्द्रों को स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के पत्र दिनांक 18.10.2023 के अनुसार स्वीकृत मतदान केन्द्रों की सम्पूर्ण सूची कलेक्टर कार्यालय के नोटिस बोर्ड, सभी उपखण्ड कार्यालयों के नोटिस बोर्ड एवं नोटिस बोर्ड पर प्रकाशित कर दी गई है। सभी तहसील कार्यालयों के. साथ ही उक्त सूची गोंदिया जिले के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध करा दी गयी है।




विधानसभा क्षेत्र 63-अर्जुनी मोरगांव, 64-तिरोदा, 65-गोंदिया, 66-आमगांव (एसटी)। इसमें कुल मतदान केंद्र की संख्या 1284 है और मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की संख्या भी 1284 है। गोंदिया जिले के विधानसभा क्षेत्र में 27 अक्टूबर 2023 को प्रकाशित प्रोफार्मा मतदाता सूची के अनुसार मतदाताओं की संख्या इस प्रकार है। चारों विधानसभा क्षेत्रों में कुल पुरुष मतदाता- 5,45,902. महिला मतदाता- 5,50,548. अन्य- 09, ऐसे कुल मतदाता हैं- 10,96,459.

जिले के सेना दल के चारों विधानसभा क्षेत्रों में 1824 पुरुष मतदाता, 104 महिला मतदाता और कुल 1928 मतदाता हैं।

मतदान केंद्र स्तरीय अधिकारी (बीएलओ) ने 21 जुलाई 2023 से 21 अगस्त 2023 तक घर-घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन किया है और मृत मतदाताओं- 26,254, प्रवासी- 20,463, डुप्लिकेट- 1,299, कुल 48,016 मतदाताओं को बाहर करने की प्रक्रिया चल रही है।

भारत निर्वाचन आयोग के पत्र दिनांक 4 जुलाई 2022 के अनुसार गोंदिया जिले में 1 अगस्त 2022 से मतदाता सूची में मतदाताओं से आधार की जानकारी स्वैच्छिक रूप से एकत्र करने का अभियान चल रहा है और अब तक कुल 6,85,980 मतदाताओं ने अपना आधार नंबर जोड़ा है चार विधानसभा क्षेत्रों में 4,10,479 मतदाताओं को आधार नंबर जोड़ना बाकी है। इसलिए जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे ने अपील की है कि जिले के अधिक से अधिक मतदाता अपने आधार कार्ड को मतदाता सूची से लिंक करा लें। समेकित प्रारूप मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 9 दिसंबर तक दावे एवं आपत्तियां स्वीकार की जाएंगी। दावे व आपत्तियों का निस्तारण 26 दिसंबर तक किया जाएगा। सूची के अंतिम प्रकाशन के लिए डेटाबेस का अद्यतनीकरण और पूरक सूचियों की छपाई चुनाव आयोग की अनुमति से 1 जनवरी 2024 तक की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची 5 जनवरी 2024 को जारी की जायेगी। यह देखा गया है कि शहरी क्षेत्रों में मतदाता पंजीकरण कम है।जिलाधिकारी ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में मतदाता पंजीकरण बढ़ाने के प्रयास किये जायेंगे और यह सुनिश्चित किया जायेगा कि नागरिक मतदाता पंजीकरण से वंचित न रहें।

# कुणबी समाज को विकास की ओर पहुंचने के लिए युवा पीढ़ी आगे आकर संभाले जिम्मेदारी सांसद सुनील मेंढे

**बुलंद गोंदिया।** कुणबी समाज को विकास की और लेकर जाने की जबाबदारी का स्विकार करे तब ही समाज विकास की तरफ मार्गक्रमन कर सकता है युवक शैक्षनिक तात्रिंक और आज कुणबी समाज को आवश्यक है उसिका आधार ले तबही इस समाज का विकास हो सकता है वे युवा कुणबी सघंटना गोंदिया व्दारा आयोजित कोजागिरी के ..लोगजागर कार्यक्रम मे विशेष अतिथी के तौर पे बोल रहे थे उन्होने मार्गदर्शन करते हुए हर समय समाज को हर तरह से मदत करणे की घोषना की। .मचं पर गोंदिया विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक तथा युवा कुणबी सघंटना के अध्यक्ष रमेशभाऊ कुथे गोंदिया नगर परीषद के पुर्व सभापती बंटी पचंबुध्दे अमर वराडे,विजय बहेकार, पुर्वसभापती राजेद्रं कुथे सौ.कुंदाताई पचंबुध्दे,गोदिया जिला परीषद के सभापती रूपेश कुथे तथा युवा कुणबी सघंटना गोंदिया के कार्यकारणी के पदाधिकारी मचंपर विराजमान थे। कार्यक्रम की प्रस्तावना सघंटना के सहसचिव दुलिचंदराव बुध्दे इन्होने रखी और कुणबी समाज के भविष्य की योजनाओ के लिए समाज व्दारा दिए गए सहयोग हेतू सबका आभार व्यक्त कर भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा समाज बंधुओ से की है। कार्यक्रम मे कुणबी समाज के शिक्षण क्षेत्र,खेल प्रतियोगिता,व्यवसाय क्षेत्र मे उत्कृष्ट व उल्लेखनीय कार्य करणे वाले समाज बंधूओ का स्मृती चिन्ह देकर सत्कार किया



# युवक से सट्टा सामग्री जब्त

**गोंदिया**-ग्रामीण थाने के तहत गणखैरा निवासी मंगेश धमगाये ( 35 ) के पास से नगद 420 रु. व सट्टा सामग्री जब्त की गई कार्रवाई पुलिस कर्मी राजू नागदेवे ने की. इस प्रकरण में आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र जुआबंदी कानून की धारा 12 (अ) के तहत मामला दर्ज किया गया.

# पान दूकान से जब्त की शराब

**गोंदिया** -सड़क अर्जुनी तहसील के खोबा निवासी किशोर रामटेके की पान की दुकान से देशी शराब की 10 बोतलें जब्त की गई कार्रवाई हवलदार दीपक खोटेले ने की. इस प्रकरण में आरोपी के खिलाफ महाराष्ट्र शराबबंदी कानून के तहत मामला दर्ज किया गया.

## क्रिकेट बुकी सोन्टु जैन को नागपुर क्राइम ब्रांच गोंदिया लेकर पहुंची दुकान वह मकान की तलाशी




**बुलंद गोंदिया।** क्रिकेट ऑनलाइन गेम बुकी सोन्टु जैन को जांच के लिए नागपुर की क्राइम ब्रांच की टीम गुरुवार 26 अक्टूबर की शाम 7ः00 बजे के दौरान गोंदिया लेकर पहुंची वह दुकान वह मकान की तलाशी अभियान शुरू किया गया जो देर रात तक शुरू था। गौरतलब है की ऑनलाइन गेम व क्रिकेट बुकी के रूप में करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी कर गबन करने के आरोपी गोंदिया निवासी अनंत उर्फ सोन्टु नवरत्न जैन नागपुर क्राइम ब्रांच की हिरासत में है जिसे जिसे न्यायालय द्वारा 27 अक्टूबर तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। जिससे पूछताछ वह जांच क्राइम ब्रांच द्वारा कड़ाई से की जा रही है। जांच व मोबाइल डाटा के आधार पर गत सप्ताह एक्सिस बैंक के मैनेजर अंकेश खंडेलवाल, डॉक्टर गौरव बग्गा वह रेडीमेड व्यवसाय बंटी कोठारी को भी हिरासत में लिया गया तथा उन दिनों की भी 27 अक्टूबर तक पुलिस विरासत में पूछताछ शुरू है। इसी दौरान और अधिक सबूत व जानकारी के लिए नागपुर के क्राइम ब्रांच द्वारा आरोपी सोन्टु जैन को 26 अक्टूबर की शाम 7ः00 बजे के दौरान लेकर जांच के लिए गोंदिया पहुंची तथा सर्वप्रथम शहर के में रोड स्थित सोन्टु जैन की दुकान कुर्तावाला का शटर खोलकर करीब 2 घंटे तक क्राइम ब्रांच द्वारा जांच की गई तथा कुछ महत्वपूर्ण दस्तावेज क्राइम ब्रांच के हाथ लगे। इसके पश्चात 9.00 बजे के करीब सिविल लाइन स्थित निवास स्थान पर ले गई जहां सोन्टु जैन की उपस्थिति में मकान की चाबी ना होने के चलते ताला तोड़कर क्राइम ब्रांच द्वारा घर में प्रवेश कर तलाशी अभियान शुरू किया जो देर रात 1 बजे तक चला। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सोन्टु के घर से कुछ दस्तावेज व उसके कपडे लेकर क्राइम ब्रांच की टीम नागपुर रवाना हो गयी।

## छात्र राहुल गाँधी का राज्यस्तरीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में चयन




**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया शिक्षण संस्था गोंदिया द्वारा संचालित स्टार इंटरनेशनल स्कूल, गोंदिया के छात्र राहुल गाँधी ने विभागीय राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में अपने प्रतिद्वंदियों को पराजित कर सफलता हासिल की। यह प्रतियोगिता क्रीड़ा व युवक सेवा संचालनालय, महाराष्ट्र राज्य, पुणे अंतर्गत जिला क्रीड़ा अधिकारी कार्यालय व जिला क्रीड़ा परिषद, गोंदिया द्वारा जिला क्रीड़ा संकुल, गोंदिया में आयोजित की गई थी विभागीय स्तर पर जीत अर्जित करने के पश्चात कोल्हापुर में आयोजित राज्य स्तरीय राइफल शुटिंग स्पर्धा में राहुल नागपुर विभाग का प्रतिनिधित्व करेंगे। राहुल की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए संस्था के सचिव राजेंद्र जैन, संचालक . निखिल जैन व शाला की प्रधानाचार्या श्रीमती रत्ना खन्ना ने अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कर राहुल के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## पुलिसिंग के माध्यम से जनता की अच्छी सेवा की जानी चाहिए - पालकमंत्री धर्मराव बाबा आत्राम

### » रावणवाड़ी पुलिस स्टेशन भवन का उद्घाटन, 32 वाहनों का लोकार्पण



**बुलंद गोंदिया**-महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश सीमा पर उत्तरी सीमा क्षेत्र के गोंदिया जिले के रावणवाड़ी में एक नया सर्वसुविधायुक्त पुलिस स्टेशन भवन बनाया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन मंत्री और जिले के पालक मंत्री धर्म राव बाबा आत्राम ने कहा कि ऐसे सुसज्जित भवन से पुलिसिंग के माध्यम से लोगों को अच्छी सेवा प्रदान की जानी चाहिए रावणवाड़ी पुलिस स्टेशन की नई इमारत का उद्घाटन करने के बाद,कहा। इस अवसर पर विधायक विनोद अग्रवाल, मनोहर चंद्रिकापुरे, डॉ. अभिजीत वंजारी, जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे, जि.प. के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल पाटिल, जिला पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक बनकर, जि.प. उपाध्यक्ष यशवंत गणवीर उपस्थित थे। .

पुलिस को गति देने के लिए महाराष्ट्र राज्य पुलिस आवास एवं कल्याण निगम, मुंबई के माध्यम से 4 करोड़ 97 लाख रुपये की लागत से निर्मित एक सुसज्जित रावणवाड़ी पुलिस स्टेशन भवन और जिला योजना समिति के तहत प्राप्त अनुदान से कुल 32 वाहन विभाग का उद्घाटन पालक मंत्री धर्म राव बाबा अत्राम ने किया।

पालकमंत्री अत्राम ने कहा, रावणवाड़ी में पुलिस स्टेशन बनने से निश्चित तौर पर इस क्षेत्र के लोगों को फायदा होगा. नागरिकों को निडर होकर इस थाने में आना चाहिए और अपनी समस्याओं का समाधान करना चाहिए। अपराधी को सजा दिलाकर आम आदमी को सुरक्षा मिले, इसके लिए पुलिस प्रशासन को काम करना चाहिए. आम आदमी को पुलिस पर भरोसा रखना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने में सफल होगी और पुलिस एवं जनता के समन्वय से इस थाने के अंतर्गत आने वाले गांव जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे।

विधायक विनोद अग्रवाल ने कहा, जिले में जिलाधिकारी , मुख्य कार्यपालन अधिकारी, पुलिस अधीक्षक कर्तव्यनिष्ठ के रूप में काम कर रहे हैं. उन्होंने यह भी आशा व्यक्त की कि यदि इस भवन में कार्यरत पुलिस बल कानून व्यवस्था बनाए रखने, अपराधों पर अंकुश लगाने और लोगों की समस्याओं को हल करने में मेहनती है, तो गोंदिया जिले का विकास निश्चित रूप से आगे बढ़ेगा।

जिलाधिकारी चिन्मय गोतमारे ने कहा, इस थाने में लोगों के साथ अच्छा व्यवहार होना चाहिए. लोगों की जिज्ञासाओं का यथासंभव समाधान किया जाए। पुलिस बल को लोगों की मदद के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस मौके पर उन्होंने उम्मीद जताई कि इस थाने से लोगों को न्याय जरूर मिलेगा।

पुलिस अधीक्षक निखिल पिंगले ने कहा, नवनिर्मित रावणवाड़ी पुलिस स्टेशन भवन का निर्माण 20,000 वर्गमीटर है. इस क्षेत्र में हर अधिकारी और हर विभाग के लिए अलग-अलग कमरे तैयार किये गये हैं. वर्तमान में, इस पुलिस स्टेशन की जनशक्ति 1 पुलिस निरीक्षक, 3 सहायक पुलिस निरीक्षक, 2 पुलिस उप-निरीक्षक और 45 पुलिस अधिकारी हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में उक्त थाने की स्थिति को देखते हुए इससे अंतरराज्यीय अपराध करने वाले अपराधियों, उनके गिरोह के साथ-साथ शराब, नशीली दवाओं, जानवरों या हथियारों की अवैध तस्करी पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। थानेदार कक्ष (पुलिस निरीक्षक), पुलिस उप-निरीक्षक कक्ष, सहायक पुलिस उप-निरीक्षक कक्ष, गोपनीय कक्ष, पुलिस निरीक्षक लेखक कक्ष, वायरलेस/संचार कक्ष, कॉम्पैक्टर कक्ष/दस्तावेज़ कक्ष, लेखक कक्ष, विद्युत कक्ष, स्टेशनरी कक्ष, जांच उक्त थाना भवन में टीम सेल, पुरूष पूछताछ कक्ष, पुरूष सेल, महिला सेल, गार्ड रूम, सी.सी.टी.एन.एस. उन्होंने कहा कि रूम और इनकमिंग व आउटगोइंग रूम चालू हो जायेंगे।

इस अवसर पर 5 किमी. मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। मैराथन दौड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरुष समूह में अमोल चाचाने, मिलिंद कुमार कोवे, रोहित पटले, रितिक मस्करे, गुरुदेव दमाहे और महिला समूह में सुषमा रहांगडाले, दिव्या मडावी, हिना मुनेश्वर, निशा ढगे, आरती भगत को पालक मंत्री ने सम्मानित किया।

इस अवसर पर जिला परिषद एवं पंचायत समिति के अधिकारी, उपविभागीय पुलिस अधिकारी सुनील ताजने, रावणवाड़ी पुलिस स्टेशन के थानेदार पुरूषोत्तम अहेरकर, तहसीलदार समशेर पठान, आवास विभाग के कनिष्ठ अभियंता रोशन हिंगवे, सभी पुलिस अधिकारी, खिलाड़ी और नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## सांसद प्रफुल्ल पटेल का सकारात्मक प्रयास, बिरसी एयरपोर्ट से मुंबई, पुणे, हैद्राबाद और इंदौर के लिए विमान सेवा होंगी सुरु



**बुलंद गोंदिया।** पूर्व केंद्रीय मंत्री व सासंद प्रफुल्ल पटेल जब केंद्र सरकार में उड्डयन मंत्री रहे तब उन्होंने गोंदिया की बिरसी हवाई पट्टी को एयरपोर्ट बनाने का संकल्प लेकर उसे अंतराष्ट्रीय दर्जे के रूप में हवाई अड्डा विकसित किया था। इतना ही नही इस एयरपोर्ट में रनवे काफी लंबा और रात्रि फ्लाइट उतरने की अनुमतिसुविधा भी। प्रफुल पटेल ने यहां सरकारी और प्राइवेट विमान प्रशिक्षण केंद्र भी शुरू कराए जहा पायलट तैयार हो रहे है।

उसी बिरसी में स्थित अंतरराष्ट्रीय स्तर के हवाई अड्डे पर एकबार फिर सांसद पटेल के प्रयासों से मुंबई, पूणे, हैदराबाद और इंदौर के लिए उड़ाने शुरू होने जा रही है। पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि, बिरसी स्थित इस हवाई अड्डे से गोंदिया, इंदौर, हैदराबाद के लिए फ्लाई बिग कंपनी द्वारा पूर्व में उड़ान शुरू की गई थी, जो महज कुछ महीनों बाद बंद कर दी गई। विमान सेवा बंद होने पर इसे शुरू करने हेतु तथा हवाई अड्डे के आधुनिकीकरण के लिए सांसद प्रफुल्ल पटेल से मांग की गई, जिसपर पटेल ने इस हवाई अड्डे से यात्री विमानन सेवाएं शुरू करने पर सहमति दर्शायी थी। इस हवाईअड्डे पर बाधित यात्री उड़ान सेवाएं फिर से शुरू हो इस हेतु सांसद प्रफुल्ल पटेल ने कुछ विमानन कंपनियों से बातचीत की जिसपर इंडिगो एयरलाइंस बिरसी हवाई अड्डे से नियमित उड़ानें संचालित करने के लिए तैयार हो गई। विमान सेवा शुरू होने से, क्षेत्र के लोगों को सहूलियत, कृषि और व्यापार को बढ़ावा मिलेगा। बिरसी एयरपोर्ट की ओर जाने वाले मार्ग से कामठा-परसवाड़ा मार्ग गुजरा है। इस रूट के कारण रनवे के मार्ग में दिक्कत आ रही थी। यह बात पूर्व विधायक राजेंद्र जैन ने सांसद पटेल के संज्ञान में लायी, जिसके बाद हवाई अड्डे से यात्री विमानन सेवा उड़ानों को समायोजित करने के लिए मार्ग बाधा निर्माण की समस्या पर भी सांसद प्रफुल्ल पटेल ने संज्ञान लेकर अधिकारियों से समाधानकारक बातचीत की। जिस पर सकारात्मक चर्चा हो चुकी है।

### इस रूट पर विमान सेवाएं शुरू होंगी

फ्लाई बिग कंपनी ने इंदौर-गोंदिया-हैदराबाद उड़ान सेवा शुरू की थी जिसे यात्रियों की ओर से भी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। इसी तर्ज पर इंडिगो कंपनी भी बिरसी एयरपोर्ट से मुंबई, पुणे, हैदराबाद और इंदौर के लिए सेवाएं शुरू करेगी ऐसी जानकारी पूर्व विधायक राजेन्द्र जैन ने दी है।

## साप्ताहिक स्वास्थ्य शिविर में जिला स्तरीय अधिकारियों दी भेट



**बुलंद गोंदिया।** समाज के सभी वर्गों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने और स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार का महत्वाकांक्षी आयुष्मान भव अभियान जिले में 17 सितंबर से 31 दिसंबर 2023 तक चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य से संबंधित विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया है। मेडिकल कॉलेज, ग्रामीण अस्पताल, स्वास्थ्य संवर्धन केंद्र और उप-केंद्र लोगों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करेंगे। आयुष्मान आपले दारी, आयुष्मान मेला, स्वच्छ भारत अभियान, रक्तदान अभियान, अंगदान जागरूकता अभियान, आयुष्मान सभा, आंगनवाड़ी और प्राथमिक विद्यालय में 0 से 18 वर्ष के बच्चों की स्क्रीनिंग,स्वस्थ में 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी पुरुषों की स्वास्थ्य जांच स्वास्थ्य युवा, महाराष्ट्र की महिमा जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नितिन वानखेड़े ने सभी स्वास्थ्य संस्थानों को दिया है।28 अक्टूबर को साप्ताहिक स्वास्थ्य बैठक में निर्देश दिया गया। तदनुसार, जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में संक्रामक रोग जैसे तपेदिक, कुष्ठ आदि जांच, निदान, उपचार और रेफरल सेवाएं प्रदान की गईं। साथ ही आभा कार्ड, आयुष्मान कार्ड के पंजीकरण और वितरण के संबंध में जन जागरूकता पैदा की गई। साप्ताहिक आरोग्य मेला अभियान के दौरान जिला महामारी अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी और जिला क्षय रोग केंद्र के चिकित्सा अधिकारी ने जिले के कुछ स्वास्थ्य संस्थानों का दौरा किया और गतिविधियों का सत्यापन किया। जिला महामारी अधिकारी डॉ.निरंजन अग्रवाल तिरोड़ा तहसील में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र वडेगांव, इंदौरा सुकड़ी/डॉ. जिला मलेरिया अधिकारी डॉ.वेद प्रकाश चौरगड़े गोंदिया तहसील के , रावणवाड़ी और मोरवाही के प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग और जिला क्षय रोग केंद्र के चिकित्सा अधिकारी डॉ. देव चंदेवार ने गोरेगांव तहसील में कुरहाडी और कवलेवाड़ा में प्राथमिक स्वास्थ्य संस्थानों का दौरा किया। इस समय तिरोड़ा के तहसील स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सुबोध थोटे, जिला स्तरीय पर्यवेक्षक रवीन्द्र श्रीवास, स्वास्थ्य सहायक लीलाधर निपाने नागपुरे भी उपस्थित थे।स्वस्थ युवा, महाराष्ट्र की जय अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य संस्थानों को निर्देश दिया गया है कि वे 18 वर्ष से अधिक आयु के पुरुषों की ग्रामवार सूची रखें और आवश्यक परीक्षण करने के बाद जांच कराने वाले लोगों की जानकारी पोर्टल पर अपडेट करें।दौरे के दौरान चिकित्सा अधिकारी, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, स्वास्थ्य नर्स, स्वास्थ्य सहायक, स्वास्थ्य सहायक और कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिले की विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों का श्रमिक पत्रकार संघ ने पूर्व विधायक जैन के मार्फत पालकमंत्री को सौपा ज्ञापन



**बुलंद गोंदिया।** गोंदिया में पालकमंत्री के रूप में प्रथम बार आये अन्न व औषध मंत्री श्री धर्मराव बाबा आश्र को गोंदिया जिला श्रमिक पत्रकार संघ ने जिले की विभिन्न महत्वपूर्ण मांगों का एक ज्ञापन पूर्व विधायक राजेंद्र जैन की उपस्थीती में उनके मार्फत सौपा ज्ञापन में उनके अन्न व औषध विभाग मंत्रालय का गोंदिया जिले में जो कार्यालय है उसकी दशा सुधारने हेतु निवेदन किया गया है। वर्तमान में इस कार्यालय में फर्नीचर नहीं है। पर्याप्त कमरा नहीं है। स्टॉफ की भारी कमी है। फुड विभाग में उपायुक्त है तो ड्रग विभाग में अभी तक उपायुक्त की नियुक्ती नही हुई है। ड्रग विभाग के इंस्पैक्टर को दो जिलो का चार्ज है। कार्यालय में सिपाई भी नहीं है। पत्रकार संघ के अध्यक्ष गोपाल अग्रवाल राजेश बंसोड, प्रकाश तिडके, नवीन अग्रवाल, रवि ठकरानी, अशोक सहारे, मुकेश मिश्रा एवं विष्णु शर्मा ने रेस्ट हाऊस में पालक मंत्री से और भी कई विषयो पर बात करके बताया कि गोंदिया में नाप तौल विभाग, पोलुशन कंट्रोल बोर्ड के भी कार्यालय जिला बनने को 24 वर्ष होने के बावजूद नहीं है। जमीन खरेदी बिक्री विवाह निबंधक में ग्रामीण और शहर हेतु अलग-अलग अधिकारी की नियुक्त शीघ्र करने की मांग भी रखी है।

## दोषी पिता को 13 साल की सजा

### बेटी के साथ की थी अश्लील हरकत

**गोंदिया**-जिले में वर्ष 2018 में घटित एक बाल लैंगिक अत्याचार - मामले पर जिला व विशेष सत्र न्यायालय ने अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी पिता को पॉक्सो एक्ट के तहत 13 साल की कड़ी सजा सुनाई. पीड़ति 10 वर्षीय बच्ची स्कूल जाने के लिए सुबह तैयार हो रही थी. आरोपी पिता घर आया और सुना मौका देखकर पीड़ता को स्कूल मत जा कहकर उसके साथ अश्लीलताकरने का प्रयास किया. पीड़ता के विरोध करने और चिल्लाने पर पीड़ता की मां फिर्यादी वहां आ गई और बेटी का बचाव किया. आरोपी की इस हरकत पर . पीड़ता की मां ने उसे फटकारा तो आरोपी उस पर मारने दौड़ा. फिर्यादी ने बेटी के साथ हुए इस घृणास्पद कृत्य पर आरोपी को सबक सिखाने तिरोड़ा थानेमें शिकायत दर्ज की. इस मामले पर तत्कालीन जांच अधिकारी पुलिस निरीक्षक संदीप कोली ने जांच पूर्ण कर न्यायालय में आरोपी के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल की थी. आरोपी के विरुद्ध सरकार/ पीड़ता तर्फे विशेष सरकारी वकील कृष्णा डी. पारधी ने कुल 10 साक्ष्य कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किए.

## पैंगोलिन का मांस बेचते 3 अरेस्ट-मांस समेत अन्य सामग्री जब्त



**गोंदिया**-नवेगांव-नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प के समीप तिरोड़ा तहसील के भजेपार (गोंडीटोला) में पैंगोलिन (खवल्या मांजर) का मांस बेचते हुए 3 आरोपियों को वन विभाग ने रंगेहाथ गिरफ्तार किया. वन परिक्षेत्र अधिकारी कौशिक को जानकारी मिली कि नवेगाव- नागझिरा व्याघ्र प्रकल्प समीप भजेपार/गोंडीटोला खेत परिसर में पैंगोलिन का शिकार कर मांस बेचा जा रहा है. गोडोटोला निवासी आरोपी शिवकुमारबारकु कोडवते (33), मनोहर शामराव मसराम ( 30 ) व राकेश टिकाराम कोडवते (22) को मांस बेचते हुए गिरफ्तार किया गया. आरोपियों के पास से पैंगोलिन का मांस सहित आदि सामग्री जब्त की गई, यह कार्रवाई वन परिक्षेत्र अधिकारी दिलीप कौशिक के मार्गदर्शन में वनरक्षक शिवराज पिसाड, धनंजय कोकाटे, स्वप्निल पायघान, सुनील भालेराव, सागर भेलावे, प्रणय वालदे, महेश रहांगडाले ने की.

स्वामित्व, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल द्वारा बुलंद गोंदिया साप्ताहिक समाचार पत्र भवानी प्रिटींग प्रेस, गुरुनानक वार्ड, गोंदिया ता.जि.गोंदिया से मुद्रित व बुलंद गोंदिया भवन, जगन्नाथ मंदिर के पास गौशाला वार्ड, गोंदिया-४४१६०१, ता.जि.गोंदिया से प्रकाशित । संपादक नवीन माणिकचंद अग्रवाल, मो.क्र.९४०५२४४६६८। (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार) प्रकाशित किये गये समाचार व लेख से संपादक सहमत है। न्यायालय क्षेत्र गोंदिया ।